समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# सीबीएसई परीक्षा परिणाम 2024–25: विज्ञान व कला संकाय के प्रथम प्रयास मे उत्कृष्ट उपलब्धि।

Publisher

Published on 16 May 2025




## टैगोर इंटरनेशनल स्कूल भादरा ने प्रथम प्रयास मे विज्ञान व कला संकाय मे शानदार परीक्षा परिणाम देकर शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया।

सवांदाता,भादरा,हनुमानगढ,राजस्
थान

**भादरा,हनुमानगढ,राजस्थान :** **टैगोर इंटरनेशनल स्कूल, भादरा** ने **सीबीएसई परीक्षा सत्र 2024–25** में कक्षा **10वीं** एवं **12वीं** के विद्यार्थियों के परिणामों के माध्यम से अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। विद्यालय ने इस वर्ष विज्ञान और कला संकाय में प्रथम बार विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित किया और दोनों संकायों में प्राप्त परिणाम उल्लेखनीय रहे।

विज्ञान **संकाय मे कुल 18 विद्यार्थियों** ने परीक्षा दी, जिनमें सभी ने **60 प्रतिशत** से अधिक अंक अर्जित किए, जबकि **4 विद्यार्थियों ने 80** प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। **सारिका ने 88.80 प्रतिशत**, **मोहम्मद आफताब ने 87.20 प्रतिशत** तथा पारुल ने 85.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया।

**वाणिज्य संकाय के 19 विद्यार्थियों** में से 15 ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और **4 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत** की सीमा को पार किया। **रोहित ने 92.80** प्रतिशत के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जबकि **पलक इंदोरिया ने 88.80 प्रतिशत** और **दिव्या ने 84.40 प्रतिशत** अंक अर्जित किए।

**कला संकाय मे परीक्षा मे सम्मिलित 5 मे से सभी विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत** से अधिक अंक प्राप्त किए, जिनमें से 3 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विशेष घोटिया ने 88.20 प्रतिशत, मोक्ष ने 87.80 प्रतिशत और लीसा बेनीवाल ने 84.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठता हासिल की।

कक्षा **10वीं मे कुंल 32 विद्यार्थियों** ने परीक्षा दी, जिनमें से **28 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत** से अधिक तथा **14 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत** से अधिक अंक प्राप्त किए। **गौरव ने 92.20 प्रतिशत, प्रियंशी कंवर ने 89.80 प्रतिशत** और **मोक्षित चौधरी ने 89.60 प्रतिशत** अंक प्राप्त किए।

विद्यालय प्रबन्धन ने इस अवसर पर समस्त छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम इस बात का संकेत है कि विद्यालय जिन मूलभूत शैक्षणिक सिद्धांतों और शिक्षण-पद्धतियों के साथ कार्य कर रहा है, वे पूर्णतः प्रभावी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विज्ञान और कला संकाय के पहले प्रयास में मिले इस स्तर के परिणाम विद्यालय के भावी शैक्षणिक मानकों का संकेत हैं और यह स्पष्ट करते हैं कि आने वाले वर्षों में विद्यालय की दिशा और स्तर निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहेगा।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.